साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



**महत्वपूर्ण एवं खास**

## सामान के बकाया को लेकर दो ,पक्षों में हुयी जमकर मारपीट



रायगढ़,(आरएनएस)। ग्राम छोटे मुड़पार खरसिया निवासी बिरजू उर्फविष्णु पटेल ने मंगल ट्रेडर्स से 6 हजार रूपये की टाईल्स अपने जमानत पर 1 वर्ष पूर्व गांव के रमेश पटेल को दिलाया था, बकाया रूपये रमेश पटेल के नहीं देने पर दुकानदार बिरजू को तगादा करता था , इस कारण बिरजू कई बार रमेश को पैसा देने के लिये बोला । कल लगभग 6:30 बजे गांव के अटल चौक के पास बिरजू को रमेश मिला तो फिर उसे पैसा पटाने के लिये बोला तो बिरजू बोला कि तुम नहीं दिये हो पूनम दिलवाया है उसी को पैसा दूंगा कहा तो इतने में दोनों के बीच झगड़ा हो गया और रमेश पटेल ने बिरजू को 2-3 थप्पड मारा, तब बिरजू घर जाकर अपने पिता बृजमोहन पटेल, चाचा लक्ष्मी पटेल, चाचा पुरूषोत्तम पटेल और हरिशंकर को लेकर आया तथा रमेश पटेल और उसके पिता केशव पटेल के साथ मारपीट किये । मारपीट की रिपोर्ट दोनों पक्षों द्वारा करने पर परस्पर धारा 294, 506, 323,34 भादंवि दर्ज कर लिया गया ।

## पिस्टल के साथ चपरासी गिरफतार

बिलासपुर,(आरएनएस)। कोतवाली क्षेत्र के करबला निवासी जिला न्यायालय के चपरासी के पास से पुलिस ने एक लाख रुपए कीमती अमेरिकन पिस्टल जब्त किया है। उसे बेचने की फिराक में वह ग्राहक तलाश कर रहा था। पुलिस उससे पूछताछ किए बिना ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस अफसरों को बीते कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि करबला के कोदू चौक निवासी कैलाशदास पिता रामदास (40) के पास महंगी पिस्टल है, जिसे लेकर वह घूमता रहता है। वह पिस्टल को बेचने के लिए ग्राहक भी तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने गुरुवार की रात कैलाश से पिस्टल खरीदने का झांसा देकर मुखबिर लगाया और उसे पिस्टल लेकर बुलाया गया। पुलिस को सूचना मिली कि वह पिस्टल लेकर आने वाला है। खबर मिलते ही पुलिस की टीम करबला चौक पहुंच गई। यहां कोदू चौक में जैसे ही रामदास आया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। फिर उसे लेकर थाने आ गई। आरोपी से जब्त पिस्टल अमेरिका निर्मित है। पुलिस के अनुसार उसकी कीमत करीब 1 लाख रुपए है।

## मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने वन आवासीय परिसर का किया लोकार्पण

रायपुर,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने आज यहां नया रायपुर में वन विभाग के कर्मचारियों के लिए निर्मित वन आवासीय परिसर एवं सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को आवंटित मकान की चाबी सौंपी और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नया रायपुर में वन विभाग के कर्मचारियों के लिए यह आवासीय परिसर उपयोगी होगा। इसका निर्माण गृह निर्माण मंडल द्वारा गुणवक्तापूर्वक किया गया है। नया रायपुर में आज केन्द्रीय विद्यालय की भी शुरूआत हो गई है। अब नया रायपुर में अच्छे आवास के साथ शैक्षणिक संस्था की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है। इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्री रमेष बैस,वन मंत्री श्री महेष गागडा, लोक निर्माण मंत्री श्री राजेश मूणत, विधायक श्री नवीन माकेन्डय, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सवन्नी, राज्य वनौष्धि बोर्ड के अध्यक्ष श्री रामप्रताप सिंह, वन विभाग के प्रमुख सचिव श्री आर.पी. मंडल उपस्थित थे।

## नक्सली कंप ध्वस्त, मौके से विस्फोटकों का जखीरा बरामद

जगदलपुर,(आरएनएस) बीजापुर जिले में बीती शाम नक्सली केम्प पर जवानों ने हमला किया जिससे नक्सली केम्प छोड़कर भाग गये। जवानों ने केम्प ध्वस्त कर विस्फोटक सामग्री और भारी मात्रा में दवाई व नक्सली सामान जब्त किया। बासागुड़ा थाना क्षेत्र के गुट्टूम के जंगलों में नक्सलियों ने केम्प लगा रखा था। बीजापुर जिले के थाना आवापल्ली पुलिस और सीआरपीएफ 229 बटालियन के जवानों की संयुक्त कार्यवाही के तहत नक्सली केम्प ध्वस्त किया गया। आवापल्ली थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी और 229 बटालियन के टूआईसी यासीर अब्बासी के नेतृत्व में निकली थी जवानों की टीम शामिल थी।

## स्टेशन में घुम रहे सीएएफ का फर्जी जवान गिरफ्तार

रायपुर, (आरएनएस)। स्टेशन में घूम रहे सीएएफ का फर्जी जवान को आरपीएफ पुलिस ने गिरफ्तार कर जीआरपी को सौंप दिया है।आरपीएफ के ओसी रंजन से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर आरपीएफ पुलिस की टीम रेलवे स्टेशन में भ्रमण कर रही थी तभी प्लेटफार्म नंबर 5 में सीएएफ का वर्दी पहनकर एक जवान घुमते हुए दिखा। जिससे आरपीएफ के जवानों ने उससे चर्चा किया तो संदेह होने लगा। पूछताछ में उसने अपना आधार कार्ड दिखाया। जिसमें उसका नाम धर्मजयगढ़ रायगढ़ निवासी जयदेव सील 19 वर्ष है। पूछताछ में उक्त जवान ने बताया कि वह माना स्थित चौथी बटालियन में ट्रेनिंग कर रहा है। जिससे पुलिस के टीम उसे माना लेकर गई तो पता चला कि वह सीएएफ का जवान नहीं है।

# नया रायपुर में राजधानी के तीसरे केन्द्रीय विद्यालय का किया शुभारंभ

रायपुर,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आज नया रायपुर में राजधानी के तीसरे केन्द्रीय विद्यालय का फीताकाटकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नवप्रवेशित बच्चों से उनकी कक्षाओं में जाकर भेंट की और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने नवप्रवेशित बच्चों को स्कूल बैग भी प्रदान किए। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री रमेश बैस, लोक निर्माण मंत्री श्री राजेश मूणत, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री केदार कश्यप, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री देवजी भाई पटेल, आरंग विधायक श्री नवीन मारकण्डेय, विधायक श्री बर्नाड जे. रोड्रिग्स, ग्राम पंचायत राखी के सरपंच श्री मुरारी रात्रे उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब स्कूल के पहले ही दिन बच्चों के चहरे में मुस्कान होती है, पढ़ाई बोझ नही लगती, तो वे अपने भविष्य को बेहतर तरीके से गढ़ पाते है। आज यहां हर बच्चे के चहरे में यह मुस्कान देखी जा सकती है। उन्हें कलरफूल कक्षाएं, प्रोजेक्टर, टच स्क्रीन, कम्प्यूटर, स्पोर्ट्स और म्यूजिक इन्स्ट्रूमेंट सहित बेहतर माहौल में पढ़ाई का अवसर मिल रहा है। स्कूल में प्रवेश करते ही दीवालों पर महापुरूषों के चित्र और उनके संदेश बच्चों को समुद्र की गहराई और आकाश की ऊचाई को छूने के लिए प्रेरित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय विद्यालयों में बच्चों की शिक्षा के साथ उनके सार्वागीण विकास पर जोर दिया जाता है। मुख्यंमत्री ने इस अवसर पर यहां कलेक्टर श्री ओ.पी.चौधरी के निर्देशन में जिला खनिज निधि से कराए गए कार्यो की सराहना की साथ ही विद्यालय की बेहतर कलरफूल और प्रेरणादायक पेंटिग के लिए पेंटर श्री मोहित सागर और अन्य व्यवस्थाओं के लिए आरईएस के उपयंत्री श्री आनंद शर्मा को प्रशस्ति प्रत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन और मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर की विशेष पहल से छत्तीसगढ़ को इस साल 11 नवोदय और 6 केन्द्रीय विद्यालयों की सौगात मिली है इसके लिए हम उनके आभारी है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2 दीनदयाल उपाध्याय नगर में अगले सत्र से प्रारंभ होने वाले सभी कक्षाओं के अतिरिक्त दो-दो सेक्शनों की प्रशंसा करते हुए इसके लिए राज्य सरकार की ओर से भवन की मंजूरी भी प्रदान की। सांसद श्री रमेश बैस ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि रायपुर में तीसरा केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में रायपुर में जितने राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक संस्थान है, उतने देश के किसी भी शहर में नही है। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में अगले सत्र से सभी कक्षाओं के दो-दो सेक्शन और होंगे शुरू शुभारंभ कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित केन्द्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त श्री संतोष कुमार मल्ल ने कहा कि पूरे देश में इस साल 50 केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत किए गए थे जिसमें से जमीन और भवन आदि के कारण 31 ही प्रारंभ हो सके है। छत्तीसगढ़ में 6 केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत हुए थे जिसमें राज्य सरकार के सहयोग से सभी 6 प्रारंभ हो गए है। उन्होंने कहा कि नया रायपुर में केन्द्रीय विद्यालय के लिए जो सुन्दर व्यवस्था की गई है वैसे तो केन्द्रीय विद्यालय भी नही है। उन्होंने कहा कि रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय नगर में संचालित केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में अभी कक्षा पहली से 12वीं तक दो-दो सेक्शन है, यहां की मांग को देखते हुए अगले सत्र से सभी कक्षाओं के दो-दो सेक्शन और प्रारंभ किए जाएंगे। इससे करीब 1000 बच्चों को यहां प्रवेश मिल सकेगा। कलेक्टर रायपुर एवं अध्यक्ष केन्द्रीय विद्यालय नया रायपुर श्री ओ.पी.चौधरी ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय नया रायपुर के अपने भवन निर्माण तक यहां एनआरडीए के रैन बसेरा वाले भवन में इसे संचालित किया जा रहा है। इस भवन में जिला खनिज न्यास से 60 लाख में भवन के रेनोवेशन सहित फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर, एलईडी, वाटर कूलर, स्पोर्ट्स और म्यूजिक इन्स्ट्रूमेंट, लाइब्रेरी आदि संसाधन उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर एनआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मुकेश बंसल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नीलेश क्षीरसगर, नगर निगम के आयुक्त श्री रजत बंसल, केन्द्रीय विद्यालय संगठन की उपायुक्त सुश्री चंदना मण्डल सहित विद्यालय के शिक्षक, बच्चे तथा उनके अभिभावक गण उपस्थित थे।

## मौसम खुला, व्यापारियों में जागी दीवाली में अच्छे व्यापार की उम्मीद

जगदलपुर, (आरएनएस)। अभी तक मौसम की मार झेल रहे समूचे व्यवसायिक जगत को पिछले दो दिनों से निकल रही तेज धूप से बाजार में धीरे-धीरे ग्राहकों की आवाजाही से स्थानीय व्यापार जगत को दीपावली में अच्छे व्यापार की आशा जग गई है। व्यापारियों का मानना है कि आने वाले एक-दो दिनों में बाजार में ग्राहकों की रौनक रहेगी। पर्व के अवसर पर होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए और शहर में सुरक्षा व्यवस्था को सुरक्षित करने के लिए पुलिस प्रशासन विशेष सुरक्षा चक्र बना रही है। इसके अंतर्गत भीड़-भाड़ वाले स्थानों में सादी वर्दी में भी पुलिस के अधिकारी सहित जवान स्थिति पर नजर रखने तैनात रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपावली के अवसर पर भीड़ मेन रोड, सर्किट हाउस रोड, संजय बाजार, चांदनी चौक और सिरहासार चौक सहित पैलेस रोड व धरमपुरा रोड में होती है। इन सभी क्षेत्रों में से मेन रोड की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाया जा रहा है। इसका कारण है कि इस क्षेत्र में अधिकांशतः ज्वेलरी सहित अन्य कीमती सामग्रियों की दुकानें मौजूद हैं। सुरक्षा व्यवस्था में कोई सेंध न लगा सके इसके लिए पुलिस ने कारोबारियों से सीसीटीवी कैमरों को ठीक करवाने और इन्हें चालू रखने के निर्देश भी दिए हैं। इसके साथ ही सिरहासार चौक से स्टेट बैंक होते हुए व चांदनी चौक से अनुपमा चौक तथा आंकाक्षा होटल वाली सड़क से पनारापारा से होते हुए पनः सिरहासार चौक तक एक वृत्त बनाया गया है। इस वृत्त में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था होगी।

## युवती से छेड़छाड़ करने वाले युवक ने किया बवाल मामला दर्ज



रायगढ़ (आरएनएस)। सारंगढ़ के ग्राम टिमरलगा में उस समय बवाल हो गया जब 12 वी की छात्रा18 वर्षीय युवती को छेड़ने वाले युवक की पिटाई हो गयी एक साल से गांव का हेंमत पटेल आते जाते छात्रा का पीछा कर परेशान कर रहा था । युवती हेंमत पटेल को हमेशा डांट फटकार करती थी किन्तु उसके व्यवहार में बदलाव नहीं आया 11 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे युवती अपने घर के बाडी में लघुशंका के लिये निकली थी तो देखी कि हेमंत बाड़ी में छुपा बैठा था, युवती को देखकर हेंमत पटेल उसके पास आया और बेईज्जती करने की नियत से युवती का हाथ पकडकर खींचने लगा, युवती इस हरकत पर चिल्लाई, हो-हल्ला सुनकर युवती की मां और पिता घर से बाहर आये, युवती के पिता ने हेमंत को दो थप्पड़ मारा तो वह भाग गया, कुछ देर बाद हेंमत अपने पिता और छोटे भाई के साथ युवती के घर के आये और युवती के पिता, जीजा के साथ मारपीट किये । पीडित युवती ने घटना की रिपोर्ट थाना सारंगढ़ में दर्ज करायी, जिस पर धारा 354, 354 (घ) (1), 294, 506, 323, 34 भादंवि दर्ज कर लिया गया।

## महिला के फेसबुक पर आपत्तिजन टिप्पणी, करने वाले पर जुर्म दर्ज




रायगढ़ (आरएनएस)। जिन्दल कालोनी कोकड़ीतराई की 24 वर्षीय युवती ने कल थाना कोतरा रोड़ में फेसबुक पर किसी युवक द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है युवती अपने पति के साथ जिन्द्ल कालोनी कोकड़ीतराई में रहती है । मोबाईल पर सोशल साईड फेसबुक चलाती है, जिस पर एक दिन कृति सिंह के नाम से फ्रेण्ड रिक्वेस्ट आया, जिसमें एक लडकी की फोटो लगी हुई थी , इसी नाम के सदस्य परिवार में होने से युवती ने रिक्वेस्ट एक्सेप्ट कर लिया, उसके बाद उस एकाउंट के से गंदे मैसेज आने लगे, जिससे युवती को संदेह हुआ कि उस एकाउंट को किसी पुरूष द्वारा आपरेट किया जा रहा है तब युवती ने उसके मोबाईल नम्बर को ब्लाक कर दिया । उसके कुछ दिनों बाद उसी युवक ने युवती के फेसबुक पेज पर भद्दे कमेंटस करने लगा, जिससे युवती अपमानित महसूस कर युवक के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के संबंध में थाना कोतरा रोड़ में आवेदन दी जिस पर मोबाईल नम्बर के धारक के विरूद्ध धारा 509 भादंवि दर्ज किया गया ।

## शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर युवक को पीटा

रायपुर, (आरएनएस)। चंगोराभाठा देवांगन होटल के सामने कल रात एक युवक ने शराब के लिए पैसे की मांग कर दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विनोद देवांगन पिता रमेश देवांगन 26 वर्ष शीतला मंदिर के पास बाजार चौक चंगोराभाठा का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात करीब साढ़े 8 बजे विनोद घुमने के लिए निकला था तभी देवांगन होटल के पास आरोपी टीकू उर्फ नारायण यादव ने प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। प्रार्थी द्वारा पैसे नहीं देने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 327 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन

महासमुंद, (आरएनएस)। सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर एवं सतनामी समाज जिला महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में 5 नवंबर को प्रातः 10 बजे से सतनाम भवन ढीढी नगर में सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का जिला स्तरीय विशाल आयोजन किया गया है। समाज के युवक-युवतियों को एक मंच पर लाकर समय व खर्च कर बचत करते हुए मनचाहा जीवन साथी चुनने तथा तामझाम एवं फिजूलखर्ची से परे हटकर आदर्श विवाह को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित की गई है। विवाह योग्य युवक-युवती पंजीयन की कार्रवाई चालू है। सम्मेलन में विधवा, विधुर, तलाकशुदा भी भाग ले सकते हैं।

शुभ दीपावली
खनिज विभाग, रायगढ़
की ओर से आप सभी को
दीप पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ...

शुभ दीपावली
एम.एस.पी.,जामगाँव
की तरफ से आप सभी को
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ...

शुभ दीपावली
पर्यावरण विभाग, रायगढ़
की ओर से आप सभी को
दीप पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ...

शुभ दीपावली
R.T.O. विभाग, रायगढ़
की ओर से आप सभी को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ...

शुभ दीपावली
दीपक की रौशनी, मिठाइयों की मिठास
पटाकों की बौछार, धन-धान की बरसात,
हर दिन आपके लिए लाये दीपावली का त्योहार...
तुलसी होटल एण्ड रेस्टोरेण्ट

शुभ दीपावली
उद्योग विभाग, रायगढ़
की ओर से आप सभी को
दीप पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ...

शुभ दीपावली
वन परिक्षेत्र विभाग, रायगढ़ की तरफ से
आप सभी को दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएँ...

शुभ दीपावली
वन विभाग, रायगढ़ की तरफ से
आप सभी को दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएँ...

## दीपावली में पारंपरिक दीयों का घट रहा है महत्व

जगदलपुर, (आरएनएस)। दीपावली पर विद्युत झालरों के चलन के कारण पारंपरिक दीयों का महत्व घटता जा रहा है। दीपावली अंधकार पर्व प्रकाश के विजय का पर्व है और इस अवसर पर घर के बाहर मिट्टी के दीपक जलाये जाते हैं, लेकिन इस परम्परागत त्यौहार में भी आधुनिकता का रंग चढ़ने लगा है और अधिकांश परिवार अपने घरों की सजावट आधुनिक रौशनी के साधनों से करने लगे हैं। इलेक्ट्रानिक और विद्युत झालरों की रौशनी में मिट्टी की दीयों की चमक फीकी पड़ती जा रही है। दीपावली पर्व पर दीयों का अपना महत्व है और इसे बनाने वाले कुम्हारों ने इस वर्ष भी इसकी पूरी तैयारी कर ली है। दीयों का निर्माण अब अंतिम चरण में है। कुम्हारों का पूरा परिवार घरों में दीपक बनाने के कार्य में जुटा हुआ है। इस परिवारों द्वारा हजारों की संख्या में दीये तैयार कर लिये गये हैं तथा दीपावली पर्व पर 15 दिनों पूर्व ही दीये बनाने का कार्य पूरा कर लिया जाता है। कुम्हार चैतुराम ने बताया कि 70 वर्षो से उनका परिवार दीये बनाने का कार्य हो रहा है तथा परिवार के सभी सदस्य मिलकर दीपक बनाने का कार्य करते हैं। अभी 200 दिये बन गये हैं इस साल दीपावली में अच्छी कमाई की उम्मीद है। दूसरे कुम्हार सोमारु नाग का परिवार भी इसी व्यवसाय पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि बढ़ती मंहगाई और आधुनिकता के कारण दीयों की चमक फीकी पड़ चुकी है, बढ़ती मंहगाई के बाद भी परिवार के पालन पोषण के लिए कड़ी मेहनत से दीये बनाने का काम करना पड़ता है, लेकिन मेहनत के मुताबिक मुनाफा नहीं मिलता। कुछ गृहणियों का मानना है कि आधुनिक रौशनी के साथ वे शगुन के रुप में दीपकों की पंक्ति परम्परागत रुप से घर के सामने सजाती हैं।

## मक्का खरीदी 15 नवम्बर से 31 मई तक

दुर्ग, (आरएनएस)। खरीफ विपणन वर्ष 2017-18 में समर्थन मूल्य पर मक्का उपार्जन हेतु 1425 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। निर्धारित दर पर किसानों से मक्का खरीदी के लिए 15 नवम्बर से 31 मई 2017 की तिथि निर्धारित की गई है। विकासखण्ड पाटन के सेवा सहकारी समिति औंधी में खरीदी की जाएगी। किसानों को किसी प्रकार की समस्या होने पर जिला प्रबंधक छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन दुर्ग के मोबाईल नंबर 96170 12506 से संपर्क कर सकते हैं।